**दीनदयाल उपाध्याय**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**
**गोरखपुर–273009**

(Accredited A++ by NAAC)

**Deen Dayal Upadhyaya**
**Gorakhpur University,**
**Gorakhpur-273009**

पत्रांक : सम्बद्धता/2025/11/7421 दिनांक 07/11/2025.

<u>अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध</u>

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्रबन्धकगण
बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय
सम्बद्ध, दी0उ0उ0 गोरखपुर वि0वि0, गोरखपुर।

**विषय– स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के बी0एड0 शिक्षकों को बी0एड0 की प्रायोगिक परीक्षा में आन्तरिक परीक्षक बनाने हेतु अनुमोदित एवं कार्यरत शिक्षकों का विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय ने अपने पत्रांक शून्य/शिक्षा सं0/2025 दिनांक 30.10.2025 द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित सम्बद्ध महाविद्यालयों में अनुमोदित शिक्षकों की बी0एड0 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु परीक्षक सूची तैयार करने के लिए शिक्षकों का विवरण मांगा गया है।

उक्त के लिए आपके महाविद्यालय में अनुमोदित/कार्यरत शिक्षकों के विवरण (यथा– महाविद्यालय में बी0एड0 कक्षाओं में शिक्षण हेतु अनुमोदित हो, अनवरत तीन वर्ष से बी0एड0 कक्षाओं में शिक्षण कार्य कर रहे हो, तथा उनके वेतन का भुगतान बैंक खाता में में किया जा रहा हो) के साथ सूची की आवश्यकता है।

**बी0एड0 शिक्षकों के विवरण हेतु प्रारूप**

| क्रमांक | नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | अनुमोदन तिथि (छायाप्रति संलग्न करें) | कार्यभार ग्रहण तिथि (छायाप्रति संलग्न करें) | वेतन स्टेटमेन्ट अद्यतन (छायाप्रति संलग्न करें) | कार्यरत होने की कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

अतः उपर्युक्त के संबंध में निर्धारित प्रारूप पर समस्त संलग्नकों को प्रमाणित करते हुए एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के बी0एड0 शिक्षकों को बी0एड0 की प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षक बनाये जाने के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। सूच्य है जिन शिक्षकों का विवरण परिक्षकत्व हेतु पूर्व वर्षों में प्राप्त हो चुका है, उनका भी नाम इस सूची में विवरण देना अनिवार्य है।

भवदीय,

(डी0के0 श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2 समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3 प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4 वै0स0 कुलसचिव।

उप कुलसचिव

——